तापमान

अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार,14 मार्च 2024

12 कौंला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर समाप्त



12 भाजपा में ही मिलता है निष्ठावान कार्यकर्ता को सम्मान



## खबर संक्षेप

### 51 किलो चूरापोस्त समेत आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल क्षेत्र नजदीक वैष्णो ढाबा से सूचना के आधार पर सीआईए-1 आरोपी जगजीवन सिंह को 51 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त व कैंटर सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी जगजीवन सिंह मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने गांव सकराहो के पास नाकाबंदी कर आरोपी का कैंटर रोक लिया। तलाशी लेने पर कैंटर से 51 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। इसके बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### 10 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र ग्रीन पार्क से हेरोइन तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी सूरज को 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने ग्रीन पार्क के पास नाकाबंदी कर आरोपी सूरज को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उससे 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### हेरोइन सहित आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना शहजादपुर से पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में आरोपी सुनील उर्फ विक्की को 15-57 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे रिमांड पर लिया गया है।

### पानीपत में फंदे पर लटकी मिली युवती

पानीपत। पानीपत के गांव हथवाला निवासी 22 वर्षीय निधि का शव उसके ही घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। वहीं थाना समालखा पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी शव व घटनास्थल की जांचा करवाई। पुलिस ने जांच के बाद निधि के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

# शराबी पति ने ईंट मार कर पत्नी को मार डाला

## शराब के लिए मांगे थे रुपये, नहीं देने पर वारदात को अंजाम दिया

**पानीपत।** पानीपत की साईं कालोनी में मंगलवार को पति अजय ने अपनी पत्नी पारूल की हत्या कर दी। अजय शराब पीने का आदी है और वह शराब के लिए पारूल से रुपये मांगता था। रुपए नहीं मिलने से नाराज अजय ने पारूल के सिर में ईंट मार कर उसे धायल कर दिया फरार हो गया। मारपीट देख पारूल के पुत्र पारस ने अपने मामा गगनदीप निवासी एकता विहार कालोनी को मोबाइल फोन पर इसकी सूचना दी। गगनदीप, पारूल के पास पहुंचा, पारूल बेहोशी की हालत में खून से लथपथ फर्श पर पड़ी थी। भाई उसे लेकर असपताल पहुंचा, जहां प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद डॉक्टरों ने पारूल को पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया। जहां मेडिकल जांच के बाद डॉक्टरों ने पारूल को मृत घोषित कर दिया। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद पारूल का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। जबकि गगनदीप की शिकायत पर उसकी बहन पारूल की हत्या के आरोप में उसके पति अजय पर केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

- पुलिस ने हत्यारे पति को किया गिरफ्तार



## पानीपत में फैक्टरी कर्मी की सिर में ईंट मारकर हत्या

**पानीपत।** पानीपत की साईं कालोनी में 50 वर्षीय सुरेश कुमार के सिर में ईंट मार कर उसकी हत्या कर दी गई। सुरेश का शव उसके घर के पास खाली प्लाट में खून से लथपथ पडा मिला। वहीं, एक बच्चे ने सुरेश को खून से लथपथ हालत में प्लाट में पडे देखा और इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। इधर, घटना की सूचना मिलने पर थाना चांदनी बाग पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। जांच के बाद सुरेश के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से वह ईंट बरामद की है जिससे कथित रूपसे प्रहार कर सुरेश के सिर पर प्रहार कर हत्या की गई है। इधर, पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी शव व घटनास्थल की जांच करवाई है। वही, पुलिस की जांच में पता चला कि सुरेश व उसके परिजनों की किसी से रंजिश नहीं थी। सुरेश हर रोज शाम को सैर करने जाता था। मंगलवार की शाम को भी सुरेश घर से सैर के लिए निकला था। वही थाना चांदनी बाग पुलिस ने सुरेश की हत्या के आरोप में अज्ञात पर केस दर्ज किया।

- सुरेश का शव उसके घर के पास खाली प्लाट में खून से लथपथ पड़ा मिला

### पत्नी की हत्या करने के मामले में पति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** गांव खदरी में दो दिन पहले महिला की मौत साइलेंट अटैक से नहीं हुई थी, बल्कि उसके पति ने ही उसकी गला दबारकर हत्या की थी। इसका खुल्लासा आरोपी ने पुलिस पूछताछ में किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गत 11 मार्च को गांव खदरी निवासी 25 वर्षीय साइना की अचानक मौत हो गई थी। उसके गले पर निशान पाए गए थे। मृतक के पति ने उस समय उसकी मौत साइलेंट अटैक से होना बताया गया था। मगर गले पर मिले निशान के आधार पर पुलिस ने जांच की और शक के आधार पर उसके पति फिरोज को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसी ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की थी। मामले की जांच कर रहे बुड़िया थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया कि आरोपित फिरोज को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर दिया।

- आरोपी ने पूछताछ में वारदात करना किया स्वीकार

# नाबालिग से कुकर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग से कुकर्म करने के दोषी प्रभाकर सिंह पुत्र राजपाल वासी जरोआ जिला हरदोई को 20 साल कारावास व 25 हजार रुपये जुर्मानें की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि 19 जनवरी 2021 को थाना केयूके कुरुक्षेत्र एरिया वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके नाबालिग बेटे उम्र 13 वर्ष ने उसको बताया कि उसके साथ प्रभाकर सिंह पुत्र राजपाल वासी जरोआ जिला हरदोई ने कई बार गल्त काम किया है व वीडियो बना ली है। आरोपी ने गलत काम बारे बताने पर वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी दी है। जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में मामला दर्ज करके जांच थाना प्रभारी/निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा की गई। नाबालिग पीड़ित के बयान अदालत में कलमबद्ध करवाये गए व बाल कल्याण समिति में काउंसलिंग करवाई गई। मामले की तफतीश के दौरान आरोपी प्रभाकर सिंह को गिरफ्तार कर लिया था व आरोपी को अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था।

- आरोपी पर 25 हजार रुपये जुर्माना किया



### जुर्माना न भरने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी

मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी प्रभाकर सिंह को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा-4 के तहत 20 साल का कारावास 15 हजार रुपये जुर्माना व जुर्माना न भरने पर 9 माह का अतिरिक्त कारावास, आईपीसी की धारा-377 के तहत 10 साल का कारावास 08 हजार रुपये जुर्माना व जुर्माना न भरने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास, आईपीसी की धारा-506 के तहत 1 साल का कारावास 2 हजार जुर्माना व जुर्माना न भरने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे: कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

हरियाणा मंत्री मंडल में दोबारा कैबिनेट बनाए जाने पर जगाधरी के विधायक कंवरपाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने देने का अपना वादा दोहराया।

कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर वह खरा उतरेंगे। जिस गति के साथ प्रदेश में पिछले साढ़े 9 वर्षों में विकास हुआ है। वह सभी विकास कार्य एवं योजनाएं जारी रहेगी। प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे और प्रदेश में होने वाले विकास कायोंर् में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य एवं बदलाव हुए है और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भी सरकार मजबूती से जनता के हितों के लिए काम करेगी और जो विकास कार्य एवं योजनाएं प्रदेश में चल रही हैए वे सभी पूर्व की भांति चलती रहेगी। कंवरपाल के कैबिनेट मंत्री के पद की शपथ लेते ही उनके समर्थकों और जगाधरी विधानसभा में खुशी की लहर है। देर रात तक भी उनके आवास पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। ईमानदारए स्वच्छ छवि व चेहरे पर हर समय मुस्कान के धनी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं।

- प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे



यमुनानगर के जगाधरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

# विदेशी कलाकारों ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा

## परमात्मा से दिल का संबंध जोड़ें बिना उसके सच्चे बच्चे नहीं कहला सकते : बीके संतोष दीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र में रशियन कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा कर मंच से 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश दिया। 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात भारतीय संस्कृति का गायन संपूर्ण विश्व में है। विश्व के कोने-कोने में अनेक लोग भारतीय संस्कृति, कला और आध्यात्मिक मूल्यों को अपना कर जीवन यापन कर रहे हैं, जिसका सुंदर नजारा ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति धाम कुरूक्षेत्र सेवा केंद्र में देखने को मिला। रशिया, यूक्रेन, क्रीमिया आदि देशों से आए कलाकारों ने भारतीय संस्कृति और कला की छटा बिखेरी। मंच संचालन करते हुए बीके सुदर्शन बहन ने बताया कि यह वही रशियन कलाकारों का समूह है, जिन्हें राष्ट्रपति भवन में भी सम्मानित किया जा चुका है। यह डिवाइन ग्रुप अपनी कला के माध्यम से नैतिकता, सदाचार और खुशियां भरा जीवन जीना सीखा रहा हैं। इससे पहले कार्यक्रम की मुख्यातिथि और सूत्रधार रूस से पधारी बीके संतोष दीदी को पुष्प गुच्छ भेंट कर राजयोगिनी बीके सरोज बहन ने सम्मानित किया और सभागार में उपस्थित सभी बहन भाइयों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि डिवाइन लाइट ग्रुप कुरुक्षेत्र की भूमि पर पहुंचा है, यह हम सबके लिए गर्व की बात है।

इन्होंने विदेश में रहते हुए भी ज्ञान की ज्योत जला कर वसुधैव कुटुंबकम की भावना जागृत की है। मुख्यातिथि बीके संतोष दीदी ने ब्रह्माकुमारी सरोज बहन और आए हुए सभी का धन्यवाद करते हुए बताया कि हम आज बहुत तरक्की कर रहे हैं, फिर भी बीमारियां और दर्द बढ़ते जा रहे हैं। क्या यह संसार प्रभु की रचना कह सकते हैं। उन्होंने बताया कि जब तक हम परमात्मा के साथ दिल का संबंध नहीं जोड़ेंगे, तब तक परमात्मा के सच्चे बच्चे नहीं कहला सकते।

- कलाकारों ने 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश दिया



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय संस्कृति की कला प्रस्तुत करती विदेशी कलाकार।

# रोड़ महासभा चुनावों को लेकर दाखिल की गई याचिका का हाईकोर्ट ने किया निपटारा

करनाल। अखिल भारतीय रोड़ महासभा के चुनाव पर रोक लगाने, वित्तीय लेनदेन में अनियमितताओं और धन के दुरुपयोग को लेकर दायर की गई सिविल रिट याचिका का पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने निपटारा कर दिया है। इस फैसले के उपरांत रोड़ महासभा के नये पदाधिकारियों के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। क्षत्रिय रोड़ समाज के लोगों को उक्त जानकारी देते हुए रोड़ बिरादरी के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी शक्ति सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय ने जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज करनाल को दिनांक 25-10-23 को उनके समक्ष याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई याचिका पर छह महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। चौधरी शक्ति सिंह एडवोकेट ने कहा कि देश-विदेश में रह रहे लाखों लोगों की भावनाएं रोड़ महासभा के साथ जुड़ी हुई हैं। सरकार ने घरौंडा के एसडीएम को रोड़ महासभा के प्रशासक का कार्यभार सौंपा हुआ है किंतु उनके पास लोकसभा के आम चुनावों के साथ-साथ अन्य प्रशासनिक जिम्मेवारियां भी हैं, इतनी व्यस्तता की वजह से उनके लिए महासभा द्वारा संचालित करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, असंध, पंचकूला और हरिद्वार में स्थित रोड़ धर्मशालाओं की समुचित देखरेख करना और निश्चित समयावधि में महासभा के नये पदाधिकारियों का चुनाव करवाना मुमकिन नहीं है। बेहतर होगा कि जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज करनाल भी मौजूदा प्रशासक के स्थान पर रोड़ महासभा की एडहॉक कमेटी बनाएं अथवा बिरादरी के ही किसी भी सक्षम अधिकारी को महासभा का नया प्रशासक नियुक्त करें ताकि निश्चित समयावधि में चुनाव संपन्न हो जाएं।

- नये पदाधिकारियों के चुनाव का रास्ता साफ हो गया

# अक्षरधाम से आए संतों ने आरती में लिया भाग

## ब्रह्मसरोवर आरती को देखकर मुक्त कंठ से प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर पर होने वाली संध्या आरती में अक्षरधाम मंदिर गुजरात से आए हुए दिव्य संतों ने आरती भाग लिया। अक्षरधाम गुजरात के स्वामी भगवत प्रसाद दास ने ब्रह्मसरोवर आरती को देखकर मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उनके साथ स्वामी नारायण मंदिर कुरुक्षेत्र के स्वामी भक्त ज्ञान मंगल दास व अनेक संत महात्माओं ने आरती में भाग लिया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा व कैप्टन परमजीत सिंह ने उनका स्वागत किया। गीता उपदेश स्थली कुरुक्षेत्र का सतयुग से ही के विशेष स्थान रहा है। यही वह धरती है जहां महाभारत में मोह ग्रस्त अर्जुन को गीता उपदेश दिया। हरिद्वार और बनारस की तर्ज पर विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर तट पर रोजाना संध्या महाआरती की जाती है। एशिया के सबसे बड़े ब्रह्मसरोवर के तट पर महाआरती से पहले विशेष धुन और मंत्रों का उच्चारण किया जाता है, जिसके बाद सारा वातावरण महाआरती के रंग में रंग जाता है।

- विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर तट पर रोजाना संध्या महाआरती की जाती



कुरुक्षेत्र। आरती में शामिल अक्षरधाम मंदिर गुजरात से आए संत।

### कुरुक्षेत्र में सभी तीर्थो का वास

कुरुक्षेत्र में होने वाली महाआरती में हनुमान चालीसा के बाद सभी देवी देवताओं, सभी नदियों व कुरुक्षेत्र तीर्थ की आरती होती है, क्योंकि कुरुक्षेत्र में सभी तीर्थो का वास है। ब्रह्मसरोवर को चारों युगों का तीर्थ माना गया है। भगवान ब्रह्मा ने पांच वेदियों में सबसे पहले वेदी उत्तरवेदी यहां पर स्थापित की थी। ब्रह्मसरोवर को ब्रह्मा की उत्तरवेदी के नाम से भी जाना जाता है। ब्रह्मा के नाम से ही ब्रह्मसरोवर नाम पड़ा है। पंडित बलराम के अथक प्रयासों का परिणाम है की प्रतिदिन सैकड़ों देश विदेश से श्रद्धालु लोग संध्या आरती में शामिल होते है। पं.बलराम लग्न ओर धर्म के प्रति समर्पण से संध्या आरती ब्रह्म सरोवर एक भव्य रूप में स्थापित हो चुकी है।

# घरौंडा में खड़े कंटेनर में अचानक लगी आग

घरौंडा। गांव कुटेल के पास खड़े एक कंटेनर में अचानक आग लग गई। आग लगने से कंटेनर पूरी तरह से जल गया। आग लगने का कारण कंटेनर में हुई शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। कंटेनर के मालिक ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस में दी है पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है। सफीदो के गांव मलार निवासी मनजीत सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसका ड्राइवर सचिन बिहार से गाड़ी लोड करके कुटेल स्थित गैलेक्सी फूड में लेकर आया था। गत 9 मार्च को वह कुटेल पहुंच गया था और सामान उतारने के बाद उसने गाड़ी को कुटेल मे ही खड़ी कर दी।तो गत रात्रि के समय उसकी गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण गाड़ी में हुई शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।आग लगने से गाड़ी का केबिन,इंजन, ए सी,गाड़ी के अंदर रखे गाड़ी, ड्राइवर व कंपनी के सभी कागजातों के इलावा करीब 60 हजार रुपए की नगदी व गाड़ी के अंदर रखा अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया। सुबह जब गाड़ी के जलने की जानकारी उन्हें मिली तो उन्होंने पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी है पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है।



**वैज्ञानिक होंगे पुरस्कृत** | कुवि कुलपति ने 4 भारतीय वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार देने की घोषणा की

# विज्ञान के हर क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों का अहम योगदान : प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति व गोयल पुरस्कार आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने 4 प्रतिष्ठित भारतीय वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार देने की घोषणा की है। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि देश के चार प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों डॉ. भीम सिंह, प्रोफेसर एमेरिटस, आईआईटी दिल्ली, डॉ. शांतनु भट्टाचार्य निदेशक, आईआईएसईआर, तिरूपति, डॉ. वी. नागराजा, माइक्रो बायोलॉजिकल और सेल बायोलॉजी विभाग, आईआईएससी, बेंगलुरु तथा डॉ. एस.के. सतीश, सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक एंड ओशनिक साइंसेज, आईआईएससी, बेंगलुरु को कुवि द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कारों के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वैज्ञानिक को एक पदक, प्रशस्ति पत्र और दो लाख रुपये की नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने एप्लाइड साइंसेज, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व भौतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के हर क्षेत्र में हमेशा ही भारतीय वैज्ञानिकों का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि कुवि देश का एकमात्र विवि है जो देश में बुनियादी और व्यावहारिक विज्ञान की उन्नति में अनुकरणीय योगदान के लिए देश के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को सम्मानित करता है।

- प्रत्येक वैज्ञानिक को एक पदक, प्रशस्ति पत्र और दो लाख की नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा



### वैज्ञानिकों ने इन क्षेत्रों में किया है उत्कृष्ट कार्य

इन वैज्ञानिकों द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों का वर्णन करते हुए दानदाता स्वर्गीय श्री राम एस गोयल के नामित और आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष प्रो. एस.पी. सिंह ने कहा कि प्रो. भीम सिंह ने सौर ऊर्जा उत्पादन प्रणाली विकसित की है जिससे बिजली की गुणवत्ता में सुधार से सौर ऊर्जा अधिक आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, जिन्हें रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए चुना गया था, ने नैनो टेक्नोलॉजी, अपरंपरागत आणविक डिजाइन और रासायनिक जीव विज्ञान के क्षेत्र में महान योगदान दिया है। प्रो. एस. पी. सिंह ने बताया कि जीवन विज्ञान के क्षेत्र में प्रो. वी. नागराजा ने कई एंजाइमों की संरचना, कार्यों और तंत्रों के बारे में हमारी समझ को उन्नत किया है। वहीं भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रोफेसर एसके सतीश जो अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के जलवायु वैज्ञानिक हैं, उन्होंने पृथ्वी-वायुमंडल प्रणाली के विकिरण संतुलन पर एरोसोल के प्रभाव की हमारी समझ में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें वर्ष 2012 में युवा वैज्ञानिकों के लिए राजीव गोयल पुरस्कार भी मिल चुका है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि ये सभी चार वैज्ञानिक प्रमुख राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षाविदों के फेलो चुने गए हैं।

गौरतलब है कि कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा विज्ञान विषयों में चार गोयल पुरस्कारों के अलावा, 2021-22 के लिए गोयल शांति पुरस्कार के लिए इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को प्रदान करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

# गाड़ियां सीज करवाने का भय दिखाकर वसूली करने वाले के खिलाफ केस दर्ज

## नाका क्रॉस करवाने के लिए एक गाड़ी से प्रति चक्कर वसूले जा रहे थे 15 सौ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

खनन सामग्री से भरी गाड़ियां सीज करवाने का भय दिखाकर अवैध वसूली करने के आरोप में पुलिस ने माइनिंग गार्ड संदीप कुमार को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी पर खनन सामग्री से भरी गाड़ी को नाका क्रॉस करवाने के लिए एक गाड़ी से प्रति चक्कर 15 सौ रुपये वसूलने का आरोप है।

महावीर कॉलोनी निवासी जतिन त्यागी ने बताया कि वह माइनिंग मटिरीयल से संबंधित ट्रांसपोर्ट का कारोबार करता है। उसके पास छह डंपर हैं। उसने एक गाड़ी पर उत्तर प्रदेश के जिला शामली के गांव महमूदपुर निवासी प्रवेश कुमार को चालक रखा हुआ है। 12 मार्च को उसकी इस गाड़ी को भुडकला माइनिंग नाके पर उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने ई रवाना दिखाने के लिए रोका था। गाड़ी के चालक प्रवेश कुमार के पास ई रवाना नहीं था। जिस पर थाना प्रतापनगर के उप निरीक्षक प्रबंधक सतनाम सिंह को मौके पर बुलाकर उसकी गाड़ी को सीज कर दिया था।

जतिन त्यागी ने बताया कि भुड़कला माइनिंग नाका पर तैनात माइनिंग गार्ड गांव रामनगर शाहबाद निवासी संदीप कुमार ने काफी समय से उस पर दबाव बनाया हुआ था कि इस नाका से उसकी गाड़ियों को बिना एंट्री दिए नहीं जाने दूंगा। संदीप कुमार ने मेरे उपर दबाव बना कर 15 सौ प्रति चक्कर प्रति गाडी के हिसाब से नाका क्रॉस करने के लिए गैर कानूनी रुप से गाड़ियां सीज करवाने का डर दिखाकर पिछले करीब एक माह से जबरदस्ती करीब 40 हजार लिए हैं।इस अवैध वसुली के लिए माइनिंग गार्ड संदीप कुमार ने दो प्राईवेट व्यक्तियों को भी रखा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं को लागू किया

**करनाल।** भाजपा कार्यालय करण कमल मे नायब सैनी के हरियाणा के मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल ने बताया कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने 9 साल से अधिक के शासनकाल में कई जनकल्याण की योजनाओं को लागू किया।

### स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर

**करनाल।** शहर में स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर चल रहा है, अब तक करीब 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह परियोजना अप्रैल 2024 में मुकम्मल होगी। अनुमानित साढे 38 करोड़ रूपये की महत्वपूर्ण परियोजना स्काडा से पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी। ऑटोमेटिक सिस्टम से नलकूप ऑन-ऑफ होंगे।

### एडवोकेट वेदपाल को लोस टिकट देने की मांग

**करनाल।** लॉयर्स चैम्बर कॉम्प्लेक्स में वकीलों ने लोकसभा चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की। गहन मंथन करने के बाद वकील इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि भाजपा हाईकमान को करनाल लोकसभा क्षेत्र से हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल को टिकट देना चाहिए।

### मीनू चावला बनीं भाविप करनाल की प्रधान

**करनाल।** भारत विकास परिषद कृष्ण शाखा करनाल की वर्ष 2024-25 की टीम का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। शाखा सचिव अनिल मदान ने जानकारी दी कि प्रान्तीय प्रवेक्षक अशोक महेन्द्रु जी की उपस्थिति में श्रीमति मीनू चावला को प्रधान, श्रीमति सोनिया मेहता जी को सचिव, श्रीमति रेनु तनेजा जी को कोषाध्यक्ष व श्रीमति रीटा मदान को महिला संयोजिका सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

### जातीय राजनीति के शिकार हुए मनोहर लाल खट्टर

**करनाल।** भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य इन्दरजीत सिंह गोराया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से धर्म व जाति आधारित राजनीती करती रही है जिसका ताज़ा उदाहरण हरियाणा की राजनीति में देखने को मिला रहा है इसी जातिगत राजनीती के ताज़ा शिकार स्वयं निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर हुए हैं।

### करनाल जिला से हजारों किसान दिल्ली कूच करेंगे

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों से किए वादे याद दिलाने के लिए देशभर से लाखों किसान गुरुवार को दिल्ली में महापंचायत करेगी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के प्रदेश महासचिव भुपिंद्र सिंह लाडी की अगुवाई में करनाल जिला से हजारों किसान दिल्ली कूच करेंगे। पिछले एक सप्ताह में भूपिंद्र लाडी ने साथी किसान नेताओं ने विभिन्न गांवों के तूफानी दौरे किए। किसानों को महापंचायत में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। इसी कड़ी में बुधवार को असंध के जलमाना गांव में सभाएं की गई।

## खिलाड़ियों ने अपने दमखम से समस्त विश्व में भारत का नाम किया रोशन: डॉ दलेल

# डीएवी पीजी कॉलेज में 50 वीं खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**देश को उन्नति और शिखर के मार्ग पर ले जाने में खिलाड़ियों का अतुलनीय योगदान- डॉ. रामपाल सैनी**





हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में 50वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन समारोह में मुख्यअतिथि वॉलीबॉल अर्जुन अवार्डी कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र के भूतपूर्व खेल निदेशक दलेल सिंह ने शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी व शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र चौहान और अन्य प्राध्यापकों ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यअतिथि का स्वागत किया। मुख्यअतिथि डॉ. दलेल सिंह ने कहा कि खेल समाज में जोड़ने का काम करते हैं। खेल से ही अनुशासन, भाईचारा, उत्तम स्वास्थ्य, रोजगार और स्वावलंबन की भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि हमें खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। हमें अपने खेलने और पढ़ने के समय को निर्धारित कर अनुशासन और इमानदारी के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हमारे खिलाड़ियों की वजह से भारत का समस्त विश्व में डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि देश को उन्नति और शिखर के मार्ग पर ले जाने में हमारे खिलाड़ियों को बहुत योगदान है। कॉलेज प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना प्रतिदिन का नियम बना कर खेल के मैदान में नियमित अभ्यास करना चाहिए जिससे उनका शारीरिक विकास भी होगा और किसी एक खेल में पारंगत भी होंगे। उन्होंने कहा कि तकनीक की इसी अंधी दौड़ में मोबाइल को छोड़कर शारीरिक कसरत के कार्य करें कोई भी अपनी रूचि का एक खेल चुन कर उसमें निपुणता हासिल करें। उन्होंने कहा कि आज हमारे युवा युवा खेल के मैदान में कम और मोबाइल गेम में ज्यादा अपने आप को मशगुल रखते हैं। प्राचार्य डॉ. आरपी सैनी ने कहा कि खेलों में सफलता प्राप्त करने के लिए युवाओं से मेरी अपील है कि वह डोपिंग जैसे शॉटकट अपना कर अपना जीवन बर्बाद न करें। पत्रकारिता एंव जनसंचार विभाग के प्रो. गुरदेव सिंह ने रचनात्मक और मनोरजंक तरीके से कॉमेंट्री कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो. ज्योति मदान ने किया। प्रतियोगिता में देव राठी और अंजिल को बेस्ट एथलीट चुना गया। समापन समारोह में मुख्यअतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी और अन्य स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ. आरपी सैनी ने शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र चौहान को शुभकामनायें दी।

**लड़कियों की प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है**

**जेवलिन थ्रो**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | अंजलि |
| द्वितीय | सीमा |
| तृतीय | गरिमा |

**थ्री लैग्स रेस**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | कोमल, वीशु |
| द्वितीय | कृष्णा, रितु |
| तृतीय | प्ररेणा, पम्मी |

**200 मी. दौड़**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | रिशु |
| द्वितीय | सीमा |
| तृतीय | कोमल |

**लडकों की प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है**

**जेवलिन थ्रो**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | रितिक |
| द्वितीय | देव राठी |
| तृतीय | अनुज |

**1500 मी. दौड़**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | रितेश जांगरा |
| द्वितीय | अनिकेत |
| तृतीय | विवेक शर्मा |

**स्लो साइकलिंग**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | सौरव गौतम |
| द्वितीय | राहुल संधू |

**100 मीटर दौड़ ;मेल स्टाफ**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | प्रो. वीरेंद्र |
| द्वितीय | प्रो. वीपिन नेवट |
| तृतीय | प्रो. अक्षित |

**100 मीटर दौड़ ;फीमेल स्टाफ**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | प्रो. प्ररेणा |
| द्वितीय | प्रतिभा राठी |
| तृतीय | ज्योति राणा |

**मटका रेस ;फीमेल स्टाफ**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | प्रो. अंजू |
| द्वितीय | प्रो. गीता |
| तृतीय | प्रो. पूनम पांचाल |

**200 मीटर दौड़ ;नॉन टीचिंग स्टाफ**

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | रोहन कुमार |
| द्वितीय | रोहित कुमार |
| तृतीय | विजय, राजकुमार |



**तरावड़ी।** स्वर्गीय राजबाला गोयल की शोक सभा में शोक जाहिर करने पहुंचे गणमान्य लोग एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

# जीना झूठ और मरना सत्य, इसे नहीं बदला जा सकता : गीतकार

- मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, चेयरमैन समेत दिग्गज नेताओं व गणमान्य लोगों ने जताया स्वर्गीय राजबाला गोयल के निधन पर शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

दिल्ली से गीतकार चरण जी ने कहा कि जीवन मिलना भाग्य की बात है, मृत्यू होना समय की बात है, लेकिन मृत्यू के बाद भी लोगों के दिलों में जिंदा रहना यह कर्मों की बात हैं। उन्होंने कहा कि शहर के वरिष्ठ उद्योगपत्ति विनोद गोयल की पत्नी स्वर्गीय राजबाला गोयल ने भी अपने जीवन में हमेशा लोगों की मदद की ओर सेवाभाव के कार्यों में आगे रही।

एक यही कारण है कि आज उनकी प्रार्थना सभा में हजारों लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। दिल्ली से गीतकार चरण जी गोयल इंटरनैशनल प्रा.लि. तरावड़ी (गलैक्सी बासमती राईस) के सी.एम.डी. विनोद गोयल की धर्मपत्नी स्वर्गीय राजबाला गोयल की आत्मिक शांति के लिए नैशनल हाईवे पर सी.एच.डी. सिटी के पास दि इडन बैंकवेट में आयोजित प्रार्थना सभा ओर रस्म पगड़ी में प्रवचन कर रहे थे। करनाल जिले की धार्मिक, राजनैतिक और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों ने उनकी शोक सभा में पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वर्गीय राजबाला गोयल के निधन पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैणी, सांसद संजय भाटिया, स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण, नीलोखेड़ी हल्के के विधायक धर्मपाल गोंदर, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनन्द, पूर्व केंद्रीय मंत्री बहन कुमारी शैलजा, पूर्व उद्योग मंत्री शीशपाल मैहता, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पूर्व संसदीय सचिव बख्शीश विर्क, मेयर रेनू बाला गुप्ता, बृज गुप्ता, पीयूष मूनि जी महाराज, स्वामी प्रेममूर्ति जी, नगरपालिका चेयरमैन विरेंद्र बंसल, कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य ललित बुटाना, गोपाल शरण गर्ग, राजीव मामूराम गोंदर, राजेंद्र सिंगला, पार्षद वीर विक्रम कुमार आदि ने शोक जताया।

# गरीबों के लिए कोष बनाएगी क्षत्रिय महासभा

- 17 मार्च को करनाल में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



**करनाल।** मीडिया से बातचीत करते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी।

राजपूत समाज के गरीब व असहाय व्यक्तियों के लिए वित्तीय कोष का गठन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा करने जा रही है। यह जानकारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने करनाल की महाराणा प्रताप भवन में एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। इससे पहले एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष ठाकुर दलबीर सिंह चौहान ने की । बैठक में बताया गया की 17 मार्च को करनाल के महाराणा प्रताप भवन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया की 17 मार्च को जो राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी जिसमें पूरे भारतवर्ष से प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे और अपने विचारों को साझा करेंगे। कार्यक्रम से पूर्व सुबह वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप व सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उसके बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में

# गेहूं की अधिक पैदावार के लिए किसानों को दी जानकारी

- धान की सीधी बिजाई करने के बारे में भी किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री



**इंद्री।** इंद्री के गांव चन्द्राव में किसान प्रशिक्षण शिविर मे किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक कृषि डॉ. बजीर सिंह के निर्देशानुसार खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इंद्री के गांव चन्द्राव में आत्मा स्कीम के अन्तर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में कृषि अधिकारियों ने गेहूं की अधिक पैदावार लेने व गेहूं की फसल को बीमारियों से बचाने के अलावा किसानों को धान की सीधी बिजाई करने की जानकारी दी। आत्मा स्कीम के अन्तर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर में कृषि विकास अधिकारी डॉ. सचिन कांबोज ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण गेहूं की खड़ी फसल में लगने वाले कीट और बीमारियां ज्यादा परेशान कर सकती है। इन बीमारियों से बचाव के लिए हमें समय पर सही कीटनाशक दवाइयों का इस्तेमाल कर अपनी फसल को बचाना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में किसानों को गेहूं की फसल में लगने वाली विभिन्न बीमारियों एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को आगामी दिनों में उगाई जाने वाली धान की फसल के बारे जानकारी देते हुए बताया कि हमें धान की सीधी बिजाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई करने पर किसान को अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के बारे भी विस्तार से जानकारी दी। एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर में कृषि विभाग से सेवानिवृत हुए पूर्व कृषि विकास अधिकारी डॉ. विजय कांबोज ने धान की सीधी बिजाई पर अपने अनुभव को किसानों के साथ साझा किया।

# सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर सैनी समाज में हर्ष की लहर

- कमेटी चौंक पर ढोल नगाड़ों के साथ मिठाई बांट कर किया पार्टी के फैसले का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



हरियाणा में नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर हर्ष की लहर दौड़ गई। समाज के प्रमुख लोगों ने आज कमेटी चौक पर इकट्ठा होकर पार्टी के फैसले पर खुशी जताई और पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर जहां बधाइयों का सिलसिला जारी है वहीं करनाल में सैनी समाज द्वारा कमेटी चौक पर ढोल नगाड़ों के साथ मिठाई बांटकर पार्टी के फैसले का स्वागत किया गया। भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सैनी, सैनी समाज के प्रधान अमित सैनी, पार्षद युध्दवीर सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधियों ने कमेटी चौक पर इकट्ठा होकर अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक सच्चे ईमानदार और समर्पित नेता को मुख्यमंत्री बना कर बड़ा संदेश दिया है। इससे न केवल पार्टी को मजबूती मिलेगी बल्कि समस्त पिछड़ा वर्ग का भी सम्मान बढा है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा कि नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने जो मान सम्मान दिया है समाज इसका बदला लोकसभा चुनाव में चुकाएगा। इस अवसर पर भीम सैनी, विनोद सैनी, रुलिया राम सैनी, ओम प्रकाश सैनी,मोनू सैनी, राजीव सैनी, अमित सैनी, तारा चंद सैनी, प्रवीन सैनी आदि समाज के अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# निर्धन कन्याओं का करवाया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा



गांव बरसत में सहयोग इंटरनेशनल ट्रस्ट ओर भारत विकास परिषद शाखा बरसत एवं ग्रामीणों के सहयोग से दसवां सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में पांच जरूरतमंद कन्याओं की शादियां की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र सिंह राठौर उपस्थित रहे। गांव बसी से नंबरदार एवं समाजसेवी श्री पालाराम जी सम्मानीय अतिथि तथा तथा प्रसिद्ध समाजसेवी श्यामलाल कपूर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। अरोमा एग्रोटेक घरौंडा के डारेक्टर अनिल गर्ग जी की गरिमामयी उपस्थित रहीं । विशेष अतिथि के रूप में गांव बरसत के सरपंच नवीन राणा जी उद्योगपति ऋषभ राय, सुशील बंसल मनोज जैन अशोक जैन जी भी मौजूद रहे। विवाह समारोह में मनीषा संग अक्षय, भारती संग प्रवेश, आरती संग विजय सोनिया संग संजय, कांता संग अमित की शादी हुई। समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह र ने कहा जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवाना एक बेहद ही नेक व सराहनीय कार्य है। सामाजिक भाव रखने वाले लोगों के बदौलत ही बेहतर समाज के निर्माण की दिशा में बढ़ा जा सकता है। इस दिशा में बरसत गांव में पिछले 10 वर्षों से एक बहुत ही बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। इससे यह भी पता लगता है कि मिलजुल कर कार्य करने से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सकता है।

# निगम का अतिक्रमण मुक्त अभियान जारी

- चेतावनी- अतिक्रमण करने की आदत बदलें दुकानदार
- प्रवर्तन दल बाजारों का रोजाना करेगी दौरा, 5000 का जुर्माना

**पहले भी बाजारों में दुकानदारों को दी थी चेतावनी**

निगम के प्रवर्तन दल द्वारा पहले भी बाजारों का दौरा किया गया और कई बार अतिक्रमण न करने की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। परंतु फिर भी कुछ दुकानदार किराए के लालच में अतिक्रमण करवाते हैं और ग्राहकों व वाहन चालकों को परेशान करते हैं। उन्होंने पुनः चेताते कहा कि ऐसे दुकानदार अपनी इस आदत को बदल लें, अन्यथा उन पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। प्रवर्तन दल में सफाई मनदीप सिंह तथा संजीव राठी के अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन टीम मौजूद रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के आदेशानुसार निगम का अतिक्रमण मुक्त अभियान बदस्तूर जारी है। इसके चलते शहर की मुख्य सडक़ों पर दुकानदारों द्वारा बोर्ड या सामान रखकर सडक़ को घेरना तथा किराए के लालच में बाजारों में अतिक्रमण करवाने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर निगम के प्रवर्तन दल ने मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा के नेतृत्व में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रवर्तन दल ने शनिवार को शहर के जोन नम्बर 2 व 4 में पडऩे वाले कर्ण गेट बाजार तथा महर्षि वाल्मीकि चौक से पुराने बस स्टैंड रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिक्रमण कर रहे 8 दुकानदारों के चालान किए गए और उन पर 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह जानकारी उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जो दुकानदार अपने सामान को सड़क पर आगे तक रखते हैं या फड़ी वालों से किराया लेकर उन्हें अपनी दुकान के आगे जगह देते हैं, ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे 8 दुकानदारों के चालान किए गए और उन पर 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा दुकानों के आगे सड़क पर रखा सामान भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि दुकानों के आगे सडक़ पर सामान रखने या फड़ी लगाने से सडक़ संकरी हो जाती है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था खराब होने के साथ-साथ बाजारों में आने वाले नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## अग्रवाल धर्मशाला मे चल रही श्री मदभागवत कथा का तीसरा दिन

# परिवार बचाने के लिए धैर्य व संयम की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



**तरावड़ी।** मंच से कथा व्यास प. आरती किशोरी वृंदावन वाले कथा वर्णन करती हुई, व मौजूद भक्त। *फोटो : हरिभूमि*

किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान ना हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। तीसरे दिन की मे कथा व्यास आरती किशोरी ने कहा। अग्रवाल धर्मशाला मे 11 मार्च से शहर की सुख शान्ति के लिये श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में तीसरे दिन की यजमान संजय बंसल द्वारा पूजा अर्चना करके कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया। साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाडक़र प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की।

## खबर संक्षेप



### इंस्पेक्टर संदीप पदोन्नत होकर डीएसपी बने

**पानीपत।** पानीपत के पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बुधवार को इंस्पेक्टर संदीप को डीएसपी के पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी। एसपी शेखावत ने कहा कि पदोन्नत होने पर विभाग के प्रति जिम्मेदारी और अधिक बढ गई है। उन्हें पुरा भरोसा हैं कि डीएसपी संदीप कुमार अपनी जिम्मेदारियों का उचित प्रकार से निर्वाहन करते हुए हर कसोटी पर खरा उतरेंगे। इसी के साथ डीएसपी संदीप कुमार को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### सड़क निर्माण का शुभारंभ किया

**पानीपत।** जलालपुर प्रथम गांव से अतौलापुर गांव को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य का शुभारम्भ जलालपुर प्रथम गांव की महिला सरपंच पुष्पा रावल के ससुर सुशील रावल व अतौलापुर गांव के सरपंच प्रतिनीधि सुरेश रावल ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़ कर किया। जिससें गांव के लोगों में खुशी दिखाई दी। इस दौरान सरपंच प्रतिनीधि सुशील रावल ने कहा कि सरकार के पास धन की कोई कमीं नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर कुल लागत लगभग 84 लाख साढे 39 हजार रुपये आएगी।

### भाजपा ने ओबीसी का सम्मान किया

**पानीपत।** हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष नायब सिंह को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी की लहर दौड़ गई है भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र जलमाना के निवास स्थान पर गुर्जर सभा पानीपत के जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना की अध्यक्षता में गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने एकत्र हुए और मिठाई बांट कर खुशी जताई।

### चार जुआरी पकड़े 38 हजार मिले

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने काबड़ी रोड मछली मार्केट के नजदीक रेलवे लाइन के पास जुआ खेल रहे कृष्ण निवासी गांव सिवाह, सुमित व दानिश निवासी गंगाराम कॉलोनी, साजिद निवासी विकास नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 38500 रुपये की नगदी बरामद हुई। सीआईए वन कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों पर थाना पुराना औद्योगिक में गेम्बलिग एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### चोरी का आरोपी नाबालिग पकड़ा

**पानीपत।** थाना समालखा की हथवाला चौकी पुलिस टीम ने बाइक चोरी के मामले में नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने जून 2023 में गांव पट्टीकल्याणा में घेर से स्पलेंडर बाइक चोरी कर दोस्त को चलाने के लिए दे दी थी। गत दिनों चेकिंग के दौरान बहादुरगढ़ पुलिस ने चोरीशुदा उक्त बाइक को पकड़ा था। समालखा की हथवाला चौकी पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर चोरीशुदा बाइक को कब्जा पुलिस में लिया गया था। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि नाबालिग आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया।

### टीचर दीपिका सम्मानित

**पानीपत।** एससीईआरटी गुरुग्राम द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणित विषय को सरल एवं रुचिकर बनाने के लिए आयोजित गणित स्टिक कार्यशाला और कोंटेट्स में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली की गणित प्राध्यापिका दीपिका धवन को चार हजार का चैक एवं प्रशस्ति पत्र देकर एससीईआरटी निदेशक सुनील बजाज एवं आईआईटी गांधीनगर आए प्रोफेसर मनीष जैन ने सम्मानित किया।

## सतत विकास लक्ष्य चुनौतियां और रणनीतियां विषय पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ

# विद्यार्थियों को प्रकृति प्रेमी बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


आर्य कॉलेज के अर्थशास्त्र, वाणिज्य विभाग,उच्चतर शिक्षा निदेशालय, पंचकूला हरियाणा एवं सोसायटी ऑफ पाथवेज टू सस्टेनेबलटी के सयुंक्त तत्वावधान में सतत विकास लक्ष्य चुनौतियां और रणनीतियां विषय दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस शानदार आगाज हुआ। कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत की कुलपति डॉ. सुदेश छिक्कारा ने शिरकत की। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में कीटाक्यूशू विश्वविद्यालय,जापान से प्रो. अशोक अस्त व विशिष्ट अतिथि के रूप में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ डीन प्रो.डॉ. अनिल वोहरा व पाथस सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ. टीआर कुंडू व सुरेंद्र मोर ने शिरकत की। आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला, वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र सिंगला व कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ताओं व शोधार्थियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि प्रो. सुदेश ने अपने संबोधन में सतत विकास लक्ष्य-5 के बारे में बताया जो कि महिलाएं किस तरह से आर्थिक विकास मे भागीदार बन सकती है। उन्होंने बताया कि सरकार भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और नई-नई तकनीकों के माध्यम से इन सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया की एक प्राध्यापक होने के नाते व विद्यार्थियों को इस बारे मे जागरूक करके हम प्रकृति को बचा सकते है व आने वाली पीड़ियों के लिए प्राकृतिक साधनों को सुरक्षित कर सकते है। वही, प्रो. डॉ. अनिल वोहरा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सततता आज के संदर्भ में देश विदेश व सबके लिए एक गंभीर चिंता व सोचने का विषय है। यदि प्रकृति सें हम छेड़छाड़ नहीं करेंगे तो यह हम सबको खुश रखेगी। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के लिए जो विषय का चुनाव किया है वो बड़ा ही प्रेरणादायक है। टीआर कुंडू ने कहा कि सतत विकास सोचने का विषय है। मानव जाति दो प्रकार के वातावरण में जीती है एक प्राकृतिक व दूसरा सामाजिक। हम आज की हालत के लिए खुद जिम्मेदार है। हमारी वजह से प्राकृतिक दोहन, सामाजिक समरसता में बिखराव व असमानता उत्पन्न हुई है। इसलिए सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामाजिक समरसता व विकास के बीच में सामंजस्य बिठाना जरूरी है। मुख्य वक्ता अशोक अस्त ने बताया कि सतत विकास लक्ष्य के लक्ष्य 8 और लक्ष्य 17 के बारे में बताया। उन्होंने बताया की किस तरह से सभी कर्मचारियों के लिए तनाव रहित वातावरण बनाकर इन लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. सुदेश छिक्कारा ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रकृति प्रेमी बनाना चाहिए। तनाव रहित रहकर कर्मचारी आर्थिक विकास में अधिक सहायक होंगे। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे वेद आदि में दी गई तकनीकों का प्रयोग करके व योग करके हम कर्मचारियों का उत्थान कर सकते है व आर्थिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी कर इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। प्रो. सुरेंद्र मोर ने अपने वक्तव्य में सोसाइटी के बारे में बताया। सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इस सोसाइटी का गठन किया गया है। इससे जागरूकता फाइल कर हम अपनी पर्थवि को बचा सकते है। आओ सब मिलकर इसे एक मिशन बनाए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने कहा कि ट्रांसफॉर्मिंग आवर वर्ल्ड : द 2030 एजेंडा फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' के संकल्प को, जिसे सतत विकास लक्ष्यों के नाम से भी जाना जाता है, भारत सहित 193 देशों ने सितंबर, 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय पूर्ण बैठक में स्वीकार किया गया था और इसे एक जनवरी, 2016 को लागू किया गया। सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य सबके लिए समान, न्यायसंगत, सुरक्षित, शांतिपूर्ण, समृद्ध और रहने योग्य विश्व का निर्माण करना और विकास के तीनों पहलुओं, अर्थात सामाजिक समावेश, आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को व्यापक रूप से समाविष्ट करना है। सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य के बाद, जो 2000 से 2015 तक के लिए निर्धारित किए गए थे, विकसित इन नए लक्ष्यों का उद्देश्य विकास के अधूरे कार्य को पूरा करना और ऐसे विश्व की संकल्पना को मूर्त रूप देना है, जिसमें कम चुनौतियां और अधिक आशाएं हों। कांफ्रेंस के प्रभारी प्रो. सतबीर ने बताया की इस कांफ्रेंस में 400 से भी अधिक शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में इंटरनेशल कांफ्रेंस का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अथितिगण। फोटो :हरिभूमि

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. रामनिवास, डॉ. मधु गाबा, प्राध्यापिका मिनाक्षी चौधरी, डॉ. रमेश सिंगला, डॉ. राजेश गर्ग, आस्था गुप्ता, प्रिया गुप्ता, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. अंजू मलिक, माणिक गुप्ता, नम्रता अरोडा समेत सभी कॉलेज स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को मिठाई खिलाते हुए भाजपाई।

## हरियाणा ने मनोहर से नायब युग में प्रवेश किया : भट्ट

■ मनोहर के कार्यकाल में हरियाणा ने अभूतपूर्व तरक्की की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| !पानीपत

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा, अन्त्योदय की भावना से कार्य करती है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहती है। वही, हरियाणा ने मनोहर युग से नायब युग में प्रवेश किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार में भी हरियाणा में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने प्रदेश में पारदर्शी सुशासन लाने के सभी प्रयास किए है और उसमें सफल भी हुए हैं। इनके लगभग साढ़े नौ वर्षों के शासन में गरीब परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चे भी बिना पर्ची-खर्ची के एचसीएस, तहसीलदार, बीडीओ जैसे पदों पर नियुक्त हो पाए हैं।, मंगलवार को क्षेत्रवाद, जातिवाद और परिवारवाद की भावना से ऊपर उठकर पार्टी के एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता के हाथों में प्रदेश की बागडोर सौंप दी गई है।। उन्होंने कहा कि भाजपा जहां कार्यकर्ताओं का नवनिर्माण करती है वही श्रेष्ठ कार्यकताअरं को ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंचाने का कार्य भी करती है। भाजपा अन्त्योदय भावना से कार्य करती है। दबाव की राजनीति भाजपा को पसंद नहीं है। इस पार्टी में सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जाता। वहीं हरियाणा में लोकसभा की सभी दस सीटों पर विजय हासिल करने जा रही है। इस अवसर पर जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, जिला महामंत्री रोशन लाल माहला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बलविन्द्र आर्य, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगाराम स्वामी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष महावीर दहिया, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र तोषामड, उपाध्यक्ष राजेन्द्र हल्दाना, महिला मोर्चा महामंत्री सोनिया गाबा और समाजसेवी प्रमोद कुराडिया मौजूद रहे।



**पानीपत।** प्रयाग पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

## एचआईवी के विरूद्ध छात्राओं को जागरूक किया

**पानीपत।** आर्य आदर्श गर्ल्स कॉलेज गांव मतलौडा में हरियाणा मेडिकल एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स जैसी बीमारियों के विरूद्ध जागरूक किया गया। नागरिक अस्पताल पानीपत की ओर से काउंसलर राकेश कुमार ने भाग लिया और बच्चों को एचआईवी एड्स जैसी भयानक बीमारी के बारे में जागरूक किया, ताकि हमारा भविष्य खतरे में न पड़े। इस अवसर पर कालेज में एचआईवी एड्स विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए संबंधित विषय पर पोस्टर बनाएं। कॉलेज प्राचार्य डाक्टर सुशील कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में स्वयं को स्वस्थ रखने की सलाह दी। इस अवसर पर भूपेन्द्र, पूजा, कुसुम, प्रीति, पूनम, रितु, श्रुति व मौसम आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# पानीपत को विकसित शहर बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



■ शहरी पानीपत हलके में छह करोड़ से होने वाले विकास कार्यों के वर्क आर्डर जारी

पानीपत शहरी विधानसभा के वार्डों में लगभग 06 करोड़ की लागत से 18 विकास कार्य कराए जाएंगे, लंबे समय से विधायक प्रमोद विज वार्ड के कार्यो को कराने हेतु प्रयासरत थे, विधायक ने कार्यो का वर्क ऑर्डर जारी करा दिया है, शीघ्र ही विकास कार्यो का निर्माण कार्य चालू किया जाएगा एवं निर्माण कार्य पूर्ण होगा। वहीं विधायक प्रमोद विज ने बताया कि वार्ड 23 में गणेश मंदिर पार्क, शाहिद मदन लाल ढींगरा पार्क और हरि बाग कॉलोनी पार्क का जीर्णोद्धार 12 लाख की लागत से होगा। वार्ड 09 में जलनिकासी हेतु नाले का निर्माण 28 लाख 57 हजार रुपये से होगा। वार्ड 26 में जलनिकासी हेतु जीटी रोड से गीता मंदिर तक पक्के नाले का निर्माण 28 लाख 83 हजार से, वार्ड 15 में खन्ना रोड से रवीन्द्र टेक्सटाइल तक नाले का निर्माण 39 लाख 69 हजार से बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्ड 10 कांशी गिरी कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण 30 लाख 78 हजार की लागत से किया जाएगा। वार्ड 18 में 24 लाख 80 हजार की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा। जबकि हाली पार्क डिस्पोजल प्लांट, ऊझा रोड डिस्पोज प्लांट के पास एवं जाटल रोड एमपीएस के पास अंडर ग्राउंड वॉटर टैंक का निर्माण 20 लाख 83 हजार से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जोध सचियार कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण 22 लाख 87 हजार की लागत से निर्माण होगा। वार्ड 20 में निकीतासा जनरल स्टोर से अग्रवाल मेडिकल तक वालीं सड़क का चौड़ीकरण 28 लाख 25 हजार की लागत से होगा। उन्होंने बताया कि वार्ड नौ में किला के पास स्टाफ क्वार्टर और सब्जी मार्केट में अतिरिक्त शेड का निर्माण 20 लाख 46 लाख की लागत से होगा।



इसराना में नायब सैनी के सीएम बनने पर मिठाई बांटते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## नायब के मुख्यमंत्री बनने पर मिठाई बांटी

**इसराना।** इसराना की मोती मंडी में सैंकड़ों हलका इसराना वासियों ने इक्कट्ठे होकर नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर एक दूसरे को बधाईयां दी ओर खुशी का इजहार किया ओर खुशी-खुशी में एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर रणधीर सैनी राजकुमार सैनी धर्मपाल जागलान सतवीर पांचाल जसमेर,गुलाब शाहपुर नीरज रंग धर्मवीर पांचाल सुरेश सैनी जगदीश शर्मा टेकराम जागलान विस्तारक ऋषिपाल सांगवान जिले सिंह सैनी आनंद मलिक रणवीर बिजावा हरजीत, अनुज पांचाल , राजेश कुमार, रामफल, पवन, सुभाषचंद्र, गांव पट्टी कल्याणा में साहब सिंह जोगी ने भी नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर मिठाईबांटी।

## अपना वोट बनवा कर लोकतंत्र को और मजबूत करें विद्यार्थी

■ एसडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने निर्भीकता के साथ लोकसभा चुनाव में वोटिंग का संकल्प लिया



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना और वोटर जागरूकता विभाग जिला निर्वाचन कार्यालय पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में युवा मतदाताओं को वोट बनवाने और मताधिकार के अधिकार को विवेकपूर्ण तरीके से इस्तेमाल करने के बारे कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे डॉ. हितेश चंद शर्मा नोडल अधिकारी (वोटर जागरूकता) जिला निर्वाचन कार्यालय पानीपत ने बतौर मुख्य अतिथि और प्रेरणासूत्र शिरकत की। एनएसएस कार्यकर्ताओं ने स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत युवा मतदाताओं को अपना वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया और वोट बनवाने की प्रक्रिया को समझाया एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया । प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, डॉ. संगीता गुप्ता और प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग ने स्वयंसेवकों एवं अन्य विद्यार्थियों को निर्भीकता, जागरूकता और निरंतरता के साथ वोट डालने की शपथ दिलाई और फिर हरी झंडी दिखाकर रैली के लिए रवाना किया। उनके साथ डॉ. एसके वर्मा, प्रो. मनोज कुमार, दीपक मित्तल, चिराग सिंगला आदि भी उपस्थित रहे। डॉ. कविता रानी, डॉ. जगमती गाहल्याण, प्रो. मीतु सैनी, प्रो शिवरानी, प्रो. इंदु पुनिया ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की । एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने खुद की पहल पर कॉलेज प्रांगण से बाहर निकलकर अपने राष्ट्रीय कर्तव्य बोध का परिचय दिया और आमजन में वोट के महत्व और प्रजातन्त्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों के प्रति उन्हें जागरूक किया। असल में मतदाता और उसका मत ही भारतीय लोकतंत्र या किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र का मूल आधार है। इस अवसर पर कॉलेज में स्वीप गतिविधियों के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय पानीपत के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरूस्कार से सम्मानित किया गया।

## रिश्तेदार के घर से जेवर नगदी, कार चोरी

**पानीपत।** पानीपत के नोहरा मोड पर निवास कर रहे व्यक्ति के घर से रिश्तेदार के साथ आया युवक ने जेवर, नगदी, कार चोरी कर ली और फरार हो गया। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में नवाब सिंह मूल निवासी गांव देवराहट जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी पानीपत का नोहरा मोड पर किराएदार ने बताया कि नौ मार्च को उसका एक दूर का रिश्तेदार बृजपाल निवासी गुजरात अपने एक अन्य साथी के साथ उसके पास पानीपत आया था। 11 मार्च को वह अपने जानकार रविंद्र कुमार की गाड़ी मांगकर लाया था। बृजपाल के साथ आया अन्य व्यक्ति उनके घर से जा चुका था। वह घर में रखे संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 25 हजार की नकदी, आभूषण और बाहर खड़ी कार चोरी कर ले गए।

# सिमरन को मिला बेस्ट टीचर का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत




**पानीपत।** पीसीसी एकेडमी के डायरेक्टर राजीव परुथी व शिल्पा परुथी टीचर सिमरन को सम्मानित करते हुए।

■ हर शिक्षण संस्थान को अपने मेहनी टीचर्स को सम्मानित करना चाहिए

पीसीसी एकेडमी में कार्यरत सिमरन तागरा को बेस्ट टीचर अवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने सिमरन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि हमें टीचर का सम्मान करना चाहिए। वहीं हर शिक्षण संस्थान को अपने मेहनी टीचर्स को सम्मानित करना चाहिए। क्योंकि कोई भी शिक्षण संस्थान तभी बड़ा बनता है जब तक उसमें काम कर रहे शिक्षकों की कड़ी मेहनत ना जुड़े। हर स्कूल एवं कॉलेज बच्चों को सम्मानित करता है, मेडल एवं ट्रॉफी से नवाजा जाता है, बच्चा जब भी कुछ अच्छा कार्य करता है हम उन्हें मंच पर बुलाकर सम्मानित करते हैं। हम महीने में कितनी प्रतियोगिताएं करते हैं उन प्रतियोगिताओं में बच्चों को सम्मानित किया जाता है परंतु पूरे देश में टीचरों को सम्मान देने का एक ही दिन रखा गया है पांच सितंबर टीचर डे वाले दिन। वही, शिल्पा के अनुसार हर बच्चे के अंदर जोश जुनून होना चाहिए जहां भी कार्य करो कड़ी मेहनत एवं दिल से लगन से करना चाहिए जो कि हमने सिमरन के अंदर देखा इस मौके पर सभी बच्चों ने सिमरन को बधाई दी। इस मौके पर पलक सहगल संजना धमीजा मनीषा काफी अंकुश आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** प्रयाग पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

## प्रयाग पब्लिक स्कूल में करियर-

**पानीपत।** प्रयाग पब्लिक स्कूल पानीपत में को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर एवं सब्जेक्ट ऑप्शन गाइडेंस विषय पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला में वक्ता के रूप में अनुभव रखेजा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रेरक वक्ता एवं करियर गाइडेंस विशेषज्ञ के रूप में अपनी विशेष पहचान बना चुके अनुभव रखेजा पिछले दशक में ज्ञान से भरपूर 500 से अधिक सत्र आयोजित कर चुके हैं। जिनका लाभ उठाकर लाखों विद्यार्थी अपनी कठिन से कठिन समस्याओं का बड़ी सरलता से निदान पा रहे हैं। इस कार्यशाला में अनुभव रखेजा ने उपस्थित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के सभी प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का बड़ी सरलता और सहजता से निवारण किया। कार्यशाला के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजु गुप्ता व उप प्रधानाचार्य ममता सचदेवा ने प्रवक्ता का विद्यालय में पधारकर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का मार्ग प्रदर्शन करने, उनके उज्ज्वल

## नगर निगम व एलएनटी समन्वय बनाकर सीवर की व्यवस्था को दुरूस्त करें

# सीवर में गोबर प्रवाह करने वाली गोशालाओं के संचालकों पर होगा केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया, पानीपत की सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने नगर निगम अधिकारियों और एलएनटी के अधिकारियों की मंगलवार को जिला सचिवालय में महत्त्वपूर्ण बैठक ली व मुख्य मार्ग से जुड़े सीवर और शहर के सीवरों की साफ सफाई व अवैध कनेक्शनों को बंद कराने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को इस कार्य को लेकर समन्वय बनाकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने सीवरों के निर्माण कार्य की प्रगति भी अधिकारियों से जानी। उपायुक्त ने कहा कि जो गोशालाएं सीवरों में गोबर प्रवाह करती है। उनके खिलाफ तुरंत प्रभाव से एफआईआर दर्ज करवा कर कार्यवाही करें। डीसी ने कहा कि इसके संर्दभ में जल्द से जल्द सभी गोशालाओं के संचालकों की बैठक बुला कर पहले उन्हें सचेत किया जाएगा। डीसी ने बैठक में एमसी के अधिकारियों से कनेक्शन पर जाली लगने के भी निर्देशदिए व कनेक्शनों का ब्यौरा भी लिया व उन्होंने अब तक इस दिशा में क्या कार्यवाही की है की जानकारी भी अधिकारियों से हासिल की। एलएनटी व निगम के अधिकारियों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट्र की व शीघ्रता से इस दिशा में और कार्यवाही करने का आश्वासन उपायुक्त को दिया। एलएनटी के प्रोजेक्ट कर्नल ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि 46 के करीब अवैध कनेक्शन है जिन पर ध्यान देने जी जरूरत है। उपायुक्त को निगम के अधिकारियों ने सलाईड के माध्यम से खादी आश्रम की साईड व शिव नगर के सीवर की गंदगी का आलम दिखाया। उपायुक्त ने 300 मीटर का ऑपन ड्रेन बना कर एमसी के सीवरेज लाइन के साथ जुडने निर्देश भी दिये। अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि वे इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। कुछ समय में इन सीवर की गंदगी को दूर किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि वे साफ सफाई वाला शहर चाहते हैं व किसी भी सुरत में इस कार्य में देरी नहीं चाहते। बैठक में एसडीएम मनदीप सिंह,एलएनटी के प्रोजेक्ट हैड कर्नल ज्ञान प्रकाश शर्मा, निगम अधिक्षक अभियंता राजेश कौशिक, लेखराज सिंह फोजदार के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सात आरोपित गिरफ्तार चोरीशुदा सामान बरामद

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रामनाथ व 6 आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कियया है। जॉनसन लिफ्ट के सहायक प्रबंधक रघुबीर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि सरकारी अस्पताल से किसी ने लिफ्ट का सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब सात आरोपियों को काबू किया है।

### लूट के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी रमेश कुमार को गिरफ्तार किया है। राजा गार्डन के अशोक कुमार ने 5 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव मंडौर के पास दो अज्ञात आरोपियों ने देसी कट्टे की नोक पर उससे लूटपाट की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब पुलिस ने इस मामले में आरोपी रमेश को काबू किया है।

### नायब के सीएम बनने पर मिठाई वितरित की

**बराड़ा।** कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नायब सैनी के प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने की खबर आते ही एमपीएन कॉलेज में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस मौके पर सबने एक-दूसरे को बधाई दी गई। प्रिंसीपल डॉ. राजश्री खरे ने बताया कि प्रदेश के नए सीएम नायब सैनी पूर्व में एमपीएन कॉलेज के छात्र रहे है। उन्होंने कॉलेज में बीए कक्षा में दाखिला लिया था।

### धनौर जैन स्थानक में पहुंचे जैन मुनि

**मुलाना।** लौह पुरूष घोर तपस्वी पुज्य गुरूदेव ओम मुनि महाराज के सुशिष्य श्रवण संघीय गौरव सौरभ मुनि महाराज व युवा मनीषी कार्यकर्मठ योगी विज्ञान मुनि मुलाना जैन स्थानक से पद विहार कर धनौरा जैन स्थानक पंहुचे। विहार के समय जैन समाज के सदस्य मौजूद रहे। वहीं धनौरा पंहुचने पर समाज ने जैन संतों का भव्य स्वागत किया।

### ओबीसी वर्ग को सम्नान देने पर जताया आभार

**मुलाना।** कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी को प्रदेश का नया मुख्यमंत्री चुने जाने की खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश सचिव करम सिंह गुज्जर ने कहा कि सैनी का मुख्यमंत्री बनना ओबीसी वर्ग के लिए बड़े सम्मान की बात है। पहली बार ओबीसी वर्ग से मुख्यमंत्री बनाया गया है।

### मेयर ने जरुरतमंद बच्चों को बांटे जूते

**अंबाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने अंबाला शहर के विभिन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को जूते वितरित किए। इस दौरान शक्तिरानी शर्मा ने सुलतानपुर, काकरू व सद्दोपुर स्थित सरकारी स्कूल में जाकर बच्चों को जूते वितरित किए। मीडिया से बातचीत करते शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का जन्म दिन था और उस दिन कोई प्रोग्राम नहीं किया। जिसके बाद तय किया कि बच्चों को शूज देकर उनका जन्म दिन मनाया जाए।

## कौला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर समाप्त, शुभम व अनन्या सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक बने

# छात्रों को निस्वार्थ भाव से जीवन में आगे बढ़ने का दिया संदेश

स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के द्वारा गांव कौंला में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्य गीत व पिछले दिन की रिपोर्ट के साथ हुई। सौंदर्य और स्वयं को संवारना विषय पर इनर व्हील क्लब की ओर से एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें नीतिका सिंह ने त्वचा के प्रकार, घर में फेसपैक बनाना, हेयर स्टाइल बनाना सिखाया। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने यहां मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व प्राचार्य जेएस नैन और इनर व्हील क्लब की प्रधान वंदना गोयल का स्वागत किया। गोयल ने अपने भजन से वातावरण को भक्तिभाव से भर दिया। नैन ने स्वयंसेवकों को महात्मा हंसराज जी के प्रेरणादायक व्यक्तित्व से परिचित कराया और उन्हे निस्वार्थ भाव से जीवन में आगे बढ़ने का संदेश




**अंबाला।** स्वयंसेवकों को संबोधित करते पूर्व प्राचार्य जेएस जैन।

दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई समाज को सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ स्वयंसेवकों में सामाजिक सहभागिता, सेवा और संस्कार की भावना पैदा करती है। स्वयंसेवकों को शिविर के दौरान सीखे गए अनुभवों को अपने जीवन में आत्मसात कर देश और समाज के उत्थान में कार्य करना चाहिए। शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियां मिटाने का संदेश दिया। छात्राओं ने एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ गरिमा सुमरान ने 7 दिनों तक चले शिविर की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्वयंसेवकों की दिनचर्या में योगासन, स्वच्छता, श्रमदान एवं सेवा का काम शामिल रहा। उन्हें साइबर क्राइम, यातायात नियमों, नशा मुक्ति, मेडिटेशन, एच आई वी-एड्स, यौन संचारित रोगों, प्रिंट मीडिया, वोट का महत्व, प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सुखदेव सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। पुरस्कार वितरण समारोह में शुभम पांडे और अनन्या सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुने गए। नैन व प्रोफेसर राजीव महाजन ने स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र दिए।



**अंबाला।** घर-घर कांग्रेस कार्यक्रम के दौरान लोगों से मुलाकात करते हुए कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा। *फोटो: हरिभूमि*

## करोड़ों का बजट फिर भी अधर में लटका छावनी का विकास

- कांग्रेस नेत्री चित्रा ने साधा निशाना, 'घर-घर कांग्रेस' कार्यक्रम में चले तो भाजपा राज में दर-दर बुरे हाल दिखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने बुधवार को छावनी के 12 क्रॉस रोड व आस पास के इलाकों में 'घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस' अभियान के तीसरे चरण में डोर टू डोर कार्यक्रम में साथियों के साथ लोगों से मुलाकात की। दुर्व्यवस्था पर उनके दुखड़े सुने। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल, यादव समाज के प्रधान करण यादव व अनेकों महिलाएं व युवा और कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे। जिस भी गली में गए, तो लोग भाजपा सरकार और प्रशासन को कोसते मिले। चित्रा ने कहा की हां चारों तरफ करोड़ों रूपये लगने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है परंतु न जाने वो पैसा कहां बह गया है क्यूंकि धरातल पर तो लगा हुआ दिख नहीं रहा। गालियों-नालियों की बेहाली देखते हुए चित्रा ने भाजपा नेतृत्व को आड़े हाथों लेते हुए कहा की भाजपा की सरकार बने लगभग साढे 9 वर्ष हो रहे है पर छावनी में इस दौरान कथित लाखों-करोड़ों रुपये के विकास की हकीकत ये है कि लोगों को चलने के लिए साबुत सड़क नहीं, नालियां गंदगी और पानी से अटी पडी हैं। कूडे के ढेर सिर तक चढ़े हुए हैं और हर मां बच्चों की बेरोजगारी की व्यथा सुना रही है। उन्होंने कहा कि यहां सड़कों के मशहूर खड्डे न जाने कितनी गाडियों,स्कूटर और रीढ़ की हड़यि क्षतिग्रस्त कर चुके हैं। मौजूदा सरकार की पार्टी और नेता को बरसों मौका दिया लेकिन उन्होंने लोगों के इस आशीर्वाद का मान नहीं रखा। पिछले लगभग साढ़े 9 सालों से छावनी की सड़कें बन रही हैं पर अब तक एक भी सड़क पूरी नहीं हुई। घटिया सामग्री इस्तेमाल होने के कारण कई सड़के एक नहीं दो नहीं तीन बार खुद कर बन चुकी है पर वो टूटी ही पड़ी हैं। टेंडर पर टेंडर चल रहे हैं पर पैसा जा कहां रहा है इसका कोई रिजल्ट नहीं दिख रहा। रोज सड़कें खोद दी जाती हैं बनेगी कब ये किसी को नहीं पता होता।

# सरकारी ग्रांट का रिकॉर्ड जांचा

- जिला परियोजना संयोजक ने दुराना में सरकारी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुराना में बुधवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजक सुधीर कालडा व एपीसी अनिल जगदेव ने औचक निरीक्षण किया l इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनजीत कौर ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिवादन किया l इस दौरान उन्होंने समग्र शिक्षा एवं पीएम श्री विद्यालयों को मिलने वाली सभी ग्रांट का एक एक करके निरीक्षण किया l उन्होंने स्कूल मे ग्रांट को खर्च करने वाली कमेटी सदस्यों से



**अंबाला।** छात्रों के आई कार्ड चेक करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा।

भी बात की। साथ ही स्कूल में हो रहे कार्यों का जायजा लिया l इस अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय ,साइंस ,मैथ्स लैब , किचन गार्डन ,कंप्यूटर लैब, कक्षा कक्ष, मिड डे मील, खेल मैदान ,टॉयलेट ,वर्मी कंपोस्ट फंड से संबंधित कैश बुक का निरीक्षण किया l इस अवसर पर उन्होंने स्टाफ मीटिंग की और भविष्य मे विद्यालय सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जांच के दौरान गांव दुराना की सरपंच कुमारी मनीषा भी मौके पर उपस्थित रही।

# भाजपा में ही निष्ठावान कार्यकर्ताओं का सम्मान

- सांसद नायब सैनी के सीएम बनने पर पार्टी नेताओं ने लड्डू बांटकर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

भाजपा नेता नायब सिंह सैनी को हरियाणा का नया मुख्यमंत्री चुने जाने की खुशी में बुधवार को पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा व ग्रीवेंस कमेटी सदस्य अशोक जैन की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा मुलाना बाजार में लड्डू वितरित कर मुंह मीठा कराया गया। राजबीर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नायब सिंह सैनी एक कर्मठ व पार्टी के निष्ठावान नेता हैं। पार्टी हाईकमान को उनकी योग्यता और कार्यकुशलता पर पूरा भरोसा है



**मुलाना।** सांसद सैनी के सीएम बनाए जाने पर खुशी जताते भाजपा पदाधिकारी।

इसलिए प्रदेश की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सैनी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हरियाणा में उस धारणा को बदल डाला है। जिसमें कहा जाता था कि पिता के बाद उसके बेटे को ही आगे की कमान मिलेगी। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने प्रत्येक निष्ठावान कार्यकर्ता को पूरा सम्मान दिया है। भाजपा पार्टी में जात पात को स्थान नहीं दिया जाता । हर कार्य कर रहे वर्कर को उच्च दर्जे का सम्मान दिया जाता है। इस दौरान कार्यकर्ता ढ़ोल की थाप पर झुम कर नाचे। वहीं पुरे मुलाना बाजार में लड्डू वितरित किए गए। मौके पर ग्राम सरपंच प्रवीन कुमार, ब्लॉक समिति चेयरमैन रविशेर, प्रवक्ता श्रीपाल जैन, मोनिका कालड़ा, मुलाना मंडल अध्यक्ष जरनैल तलहेड़ी, मोहित शर्मा, यशपाल मलिक, रीटा धनौरा, जगमोहन जैन आदि मौजूद रहे।



### एमपीएन कॉलेज में शुरू हुई दो दिवसीय कार्यशाला छात्राओं को उद्यम क्षमता बढ़ाने का मिलेगा मौका

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज में छात्राओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि करने के लिए दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई गई बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को बढ़ावा देना है। यह कार्यशाला इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में की जा रही है। इस कार्यशाला के द्वारा एमए, बीए. तथा बीकॉम की छात्राओं की उद्यम क्षमता को बढ़ाने के लिए साक्षात्कार कौशल को निखारा जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने बताया कि साक्षात्कार कौशल को सीखने से संचार, अपना परिचय तथा योग्यताएं बताना, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा बॉडी लैंग्वेज जैसी अनेक क्षमताओं में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का आयोजन विशेष कर छात्राओं के लिए किया जा रहा है क्योंकि समाज में स्त्री वर्ग कहीं न कहीं पीछे है।

# कलश यात्राएं निकालेंगे किसान

- शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने किया ऐलान, पंधेर बोले सरकार को मांगें मानने के लिए किया जाएगा मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

खनौरी बॉर्डर पर गोली लगने से जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण की अस्थियों के जरिए अब किसान केंद्र सरकार को घेरेंगे। साथ ही हरियाणा की भाजपा सरकार को भी निशाना बनाएंगे। किसानों ने ऐलान किया कि शुभकरण की अस्थियों को लेकर वे हरियाणा में कलश यात्राएं निकालेंगे। साथ ही



युवा किसान शुभकरण सिंह

### व्यापारियों को हो रहा भारी नुकसान

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र सरकार की गैरजम्मिेदार नीतियों की वजह से व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े ऐलान के साथ वे राज्य व केंद्र की सियासत हिलाने जा रहे है। इसके बाद सरकार उनकी मांगें मानने के लिए मजबूर हो जाएगी। पंधेरने कहा कि हरियाणा को खुली जेल बना दिया है। दल्लिी के व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। भाजपा सरकार 400 पार का नारा दे रही है। केंद्र सरकार ने सीएए लागू किया। सरकार चाहती है कि हिंदू-मुस्लिम और हिंदू-सिख आपस में भिड़ जाएं।

दूसरे राज्यों में भी सरकार की बर्बरता का सच बताएंगे। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने बुधवार को शंभू बॉर्डर पर मीडिया से बातचीत करते हुए युवा किसान की अस्थियों की कलश यात्राएं निकालने का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को युवा किसान शुभकरण के गांव से अस्थियों का कलश लेने जाएंगे। कलश को बॉर्डर पर लेकर आएंगे। उसके बाद हम गांव-गांव जाकर कलश यात्रा निकालेंगे। सरकार से पूछेंगे कि शुभकरण को क्यों शहीद किया? 17-18 मार्च को पंचकूला, 2 दिन यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल और फिर 3 दिन अंबाला जिले में कलश यात्रा निकाली जाएगी। 31 को अंबाला की मोहड़ा अनाज मंडी में शहीदी समागम का आयोजन किया जाएगा।

# मेयर ने सिंघावाला में सड़क निर्माण का शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने बुधवार को सिंघावाला स्थित गांव में लाखों रुपए की लागत से बनाई जाने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर निगम सदस्य सरदूल सिंह भी मौजूद रहे। गांव में बने शीतला माता मंदिर की मुख्य सड़क को बनाए जाने की लोगों की लंबे समय से डिमांड थी, जिसे आज मेयर शक्ति रानी शर्मा ने सड़क का निर्माण शुरू करवाते हुए पूरा किया। सड़क के निर्माण का कार्य शुरू करने से पहले गुरुद्वारा से आए पाठी ने पाठ किया। शर्मा ने यहां मौजूद एक कन्या से सड़क का



**अंबाला।** सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते मेयर शक्ति रानी शर्मा।

शुभारंभ करवाया। शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि 5:30 लाख रुपए की लागत से इस सड़क का निर्माण किया जाना है। सरदूल सिंह ने कहा कि करीब 10 सालों से सड़क की हालत खराब थी और बरसात होने के कारण हमेशा सड़क पर पानी खड़ा हो जाता था।

### 50 लाख की लागत से बनेगी पंचदेव मंदिर वाली गली

**अंबाला।** अंबाला छावनी में विकास कार्यों का निरंतर शिलान्यास किया जा रहा है। पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा के निर्देश पर बुधवार को महेशनगर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह जस्सी और वार्ड नंबर 8 के प्रधान सुरेंद्र सेठी की मौजूदगी में पंचदेव मंदिर वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता खरैती लाल सेठी द्वारा विधिवत रुप से नारियल फोड़कर किया गया। मीडिया प्रभारी परमिंद्र शर्मा ने बताया कि इस निर्माण कार्य पर 50 लाख रुपये की लागत आएगी। मंडल अध्यक्ष विजेंद्र चौहान ने इस गली का निर्माण कार्य आरंभ होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि अनिल विज के प्रयासों से ही आज अंबाला छावनी में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। रोजाना किसी ना किसी गली या सड़क का निर्माण कार्य आरंभ किया जा रहा है जल्द ही अंबाला छावनी की सभी सड़कें और गलियां बनकर तैयार हो जाएंगी जिससे आम जन को सुविधा होगी। गली का निर्माण कार्य आरंभ होने पर स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर की और अनिल विज का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## अब तक 20 से अधिक लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिल चुके

# साहू किशोर जैन को मिले एक साथ दो अवार्ड

- मलेरकोटला, पंजाब के दिव्य ज्योतिष मंच ने सन्त शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर अवार्ड-2024' तथा 'कर्मयोगी-2024 अवार्ड' से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बाला

ज्योतिष वास्तु चक्रवर्ती सम्राट साहू किशोर जैन 'सफर' को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए गत दिवस एक साथ दो अवार्ड से विभूषित किया गया। मलेरकोटला, पंजाब के दिव्य ज्योतिष मंच ने साहू किशोर जैन को 'सन्त शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी



अवार्ड-2024' तथा 'कर्मयोगी-2024 अवार्ड' से सम्मानित किया। गौरतलब है कि साहू किशोर जैन न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में ज्योतिष और वास्तु के क्षेत्र में विख्यात हैं। साहू किशोर जैन को अब तक 20 से अधिक लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड तथा कई डाक्टरेट की मानक उपाधियां भी मिल चुकी हैं।

### प्रतिष्ठित ज्योतिषाचार्यो ने साहू किशोर जैन को बधाई दी

दिव्य ज्योतिष मंच के रजत जयन्ती महामहोत्सव के सुअवसर पर आयोजित भव्य समारोह में रंजीता मेहता, डा. एच.एस. रावत, डा. चन्द्रशेखर, मानवेन्द्र सिंह, डा. राकेश शर्मा, डा. सौरभ शर्मा, डा. राजन शर्मा, डा. वीरेन्द्र जैन, डा. चारवी ठाकुर, डा. दीपिका सिंह, संजीव अत्री, भावेश जैन, सुरेन्द्र सहगल, दिव्या बंसल आदि अनेक विद्वानों की मौजूदगी में उन्हें ये दोनों सम्मान प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक प्रधान डा. चन्द्रशेखर ने कहा कि साहू किशोर जैन 2004 में राष्ट्रीय स्तर पर एक वर्षीय अखण्ड 'अढ़ाई द्वीप पूजा' के अनुष्ठान के कारण चर्चा में आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर मोहम्मद रफी नाइटस के दो बड़े ग्रांड फिनाले आयोजित कर खूब वाह-वाही लूटी थी। देश की विभिन्न संस्थाएं इन्हें ज्योतिष पारसमणी, ज्योतिष काव्य भूषण, ज्योतिष वास्तु चक्रवर्ती सम्राट, प्राइड आफ हरियाणा, प्राइड आफ पंजाब, भारत गौरव सहित अनेक सम्मानों से विभूषित कर चुकी हैं। मंच से जुटी दिग्गज हस्तियों ने साहू किशोर जैन की सराहना करते हुए उन्हें देश की अनमोल प्रतिभा बताया। एक साथ दो सम्मान मिलने के लिए देश भर के प्रतिष्ठित ज्योतिषाचार्यो ने साहू किशोर जैन को बधाई दी है।

### डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में मनाया जाएगा होला मोहल्ला

**अंबाला।** बराड़ा के डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में त्रिदिवसीय होला-मोहल्ला समागम 23 से 25 मार्च तक श्रद्धा से मनाया जाएगा। डेरे के संस्थापक संत बाबा दलजीत सिंह ने बताया कि समागम मनाने के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। डेरा के प्रवक्ता जगदीप सिंह ने बताया कि शनिवार 23 मार्च को श्री अखंड पाठ साहिब रखे जाएंगे और 25 मार्च सोमवार को प्रातः 8 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत निशान साहिब की सेवा होगी। प्रातः 9 से 2 बजे तक कीर्तन दरबार सजाए जाएंगे। इसमें रागी बीबी मनप्रीत कौर खालसा दिल्ली वाले, भाई लखविंदर सिंह शाहाबाद वाले, सुखदेव सिंह बेली रोपड़ वाले, संत बाबा दलजीत सिंह बराड़ा वाले, भाई सुखजिंद्र सिंह चंडीगढ़ वाले संगत को कथा, कीर्तन व गुरु इतिहास सुनाकर निहाल करेंगे।